# GOVT. NAVEEN COLLEGE BORI, DIST. DURG (C.G.)

## 6.5.3

**1) Annual reports of Institution**

**2) AISHE certificates**

**3) University accreditation copies**

**4) Copies of MoU with other institution**

# शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी,

# जिला दुर्ग (छ.ग.)

# वार्षिक प्रतिवेदन

# सत्र 2021 -22

# शासकीय महाविद्यालय बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

## वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2021 – 22

### महाविद्यालय का परिचय

शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरी की स्थापना जन समूह एवं शैक्षणिक जगत की एक दीर्घकालिक मांग के तहत सत्र 2012 -13 से कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय से की गई। इस महाविद्यालय की मांग स्थानीय जन समूह द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। जन भावनाओं तथा छात्र हित को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा को प्रोत्साहित करने एवं अंचल के विद्यार्थियों तथा ग्राम बोरी के स्कूलों में अध्ययनरत लगभग 2700 विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा की आवश्यकताओं को देखते हुए जून 2012 में महाविद्यालय की स्थापना की गई है। स्थापना के प्रथम वर्ष से ही महाविद्यालय ने गुणवत्ता युक्त नियमित कक्षाएं, अनुशासन तथा विशिष्ट शैक्षणिक वातावरण के रूप में अपनी पहचान स्थापित की है। महाविद्यालय के विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है। फरवरी 2016 में महाविद्यालय के नवीन भवन का लोकार्पण हुआ एवं नवीन सत्र 2016-17 से पूर्ण रूप से महाविद्यालय नवीन भवन में संचालित किया जाना प्रारंभ कर दिया गया। सत्र 2017 - 18 में महाविद्यालय में पीजी की कक्षा के रूप में एम.कॉम., 2018-19 से एम.ए.(समाजशास्त्र) की कक्षाएं प्रारंभ की गई तथा इस सत्र में एम. एस. सी. रसायन शास्त्र की अनुमति प्रदान कर क्षेत्र को विशेष सौगात प्रदान की गई।

कोविड-19 महामारी के इस कठिन दौर में भी महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों ने छात्र हित को ध्यान में रखते हुए वीडियो लेक्चर तैयार किए, पीपीटी तैयार किए गए तथा पीडीएफ पाठ्य सामग्री बनाकर गूगल मीट एवं व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से अनवरत विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया गया ताकि उनके शिक्षा में किसी प्रकार की कोई बाधा उत्पन्न ना हो।

यह सत्र महाविद्यालय के लिए विशेष उपलब्धि का रहा क्योंकि इस सत्र में महाविद्यालय ने नैक मूल्यांकन द्वारा 2.15 ग्रेड प्वाइंट के साथ बी ग्रेड प्राप्त कर शैक्षणिक गुणवत्ता की क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान कायम की।

## प्रवेशित छात्र-छात्राओं का विवरण

महाविद्यालय में वर्तमान सत्र 2021-22 में कुल 720 छात्र छात्राओं ने प्रवेश लिया जिसमें 310 छात्रों तथा 410 छात्राओं ने प्रवेश लिया, जिसमें सामान्य वर्ग में 08 छात्र एवं 15 छात्राएं, अनुसूचित जाति में 26 छात्र एवं 38 छात्राएं, अनुसूचित जनजाति में 13 छात्र एवं 10 छात्राएं, अन्य पिछड़ा वर्ग में 262 छात्र एवं 345 छात्राएं, अल्पसंख्यक समुदाय की 01 छात्रा अध्ययनरत हैं, जिनमें बी.ए. में 129 छात्र एवं 173 छात्राएं, बीएससी में 59 छात्र एवं 112 छात्राएं, बीकॉम में 86 छात्र एवं 71 छात्राएं, एम. कॉम. में 24 छात्र एवं 26 छात्राएं तथा एम. ए. (समाजशास्त्र) में 12 छात्र एवं 28 छात्राएं अध्यनरत है।

## महाविद्यालय परीक्षा परिणाम विश्लेषण

शैक्षणिक सत्र 2020-21 के परीक्षा परिणाम का विश्लेषण

| क्रमांक | कक्षा का नाम | परीक्षा में सम्मिलित छात्र/ छात्राओं की संख्या | उत्तीर्ण परीक्षार्थियों की संख्या | परीक्षा परिणाम का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बी.ए. I | 120 | 120 | 100 % |
| 2 | बी.ए. II | 97 | 97 | 100 % |
| 3 | बी.ए. III | 100 | 100 | 100 % |
| 4 | बी.कॉम I | 51 | 51 | 100 % |
| 5 | बी.कॉम II | 34 | 34 | 100 % |
| 6 | बी.कॉम III | 48 | 48 | 100 % |
| 7 | बी.एस.सी. I | 56 | 56 | 100 % |
| 8 | बी.एस.सी. II | 39 | 39 | 100 % |
| 9 | बी.एस.सी. III | 59 | 59 | 100 % |
| 10 | एम.काम. पूर्व | 25 | 25 | 100 % |
| 11 | एम.काम. अंतिम | 09 | 09 | 100 % |
| 12 | एम.ए. पूर्व | 15 | 15 | 100 % |
| 13 | एम.ए. अंतिम | 15 | 15 | 100% |

शैक्षणिक सत्र 2020 -21 के शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम से स्पष्ट है कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए उच्च श्रेणी के शिक्षण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, साथ ही विद्यार्थियों को अच्छे परिणाम लाने हेतु निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# महाविद्यालय के लिए आधारभूत अधोसंरचना

## 1. महाविद्यालय भवन में आधारभूत सुविधाओं की व्यवस्था

महाविद्यालय भवन में विद्यार्थियों हेतु पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध है। विद्यार्थियों हेतु के लिए फर्नीचर युक्त कमरों के साथ-साथ पुस्तकालय, ऑडिटोरियम, प्रयोगशाला, प्रायोगिक उपकरण, खेल का मैदान, साइकिल स्टैंड, पेयजल एवं शौचालय की सुचारू व्यवस्था है। कार्यालय के सुचारू संचालन के लिए कंप्यूटर, प्रिंटर, फोटोकॉपी मशीन तथा जनरेटर उपलब्ध है। साथी कोरोनावायरस संक्रमण से बचाव हेतु महाविद्यालय में सैनिटाइजर डिस्पेंसर मास्क, हैंड ग्लव्स आदि की भी समुचित व्यवस्था की गई।

## 2. महाविद्यालय का वेबसाइट एवं ऑनलाइन कार्यों की रूपरेखा

महाविद्यालय का स्वयं का वेबसाइट उपलब्ध है, जिसमें विद्यार्थियों के लिए आवश्यक समस्त जानकारियां उपलब्ध कराई जा रही है। वेबसाइट में विद्यार्थियों के लिए प्रवेश मार्गदर्शिका के साथ-साथ विभिन्न विभागों द्वारा संचालित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। प्राध्यापकों द्वारा तैयार किए गए वीडियो लेक्चर महाविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कराए गए है। इस सत्र में ब्लेंडेड मोड (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन) में अध्ययन अध्यापन कार्य संपन्न कराया गया। विभिन्न प्रकार की गतिविधियों हेतु गूगल फॉर्म का प्रयोग किया गया। प्राध्यापकों द्वारा तैयार की गई पाठ्य सामग्री को विद्यार्थियों तक उनके कक्षावार व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से पहुंचाया गया। महाविद्यालय में प्रवेश, परीक्षा, छात्रवृत्ति से सम्बन्धित कार्य ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों रूपों में सफलतापूर्वक संपादित किए जा रहे हैं | उक्त के अतिरिक्त शासन को समस्त पत्राचार ई-मेल द्वारा किए जा रहे हैं।

## 3. महाविद्यालय में संचालित संकायों की विश्वविद्यालय से स्थाई संबद्धता

महाविद्यालय हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग से सम्बद्ध है। महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर संचालित बी.ए. (120 सीट), बी.कॉम. (100 सीट) तथा बी.एस.सी (बायो) (60 सीट) स्थाई संबद्धता विश्वविद्यालय से प्राप्त कर ली गई है। साथ ही नवीन प्रारम्भ हुए विषयों बी.एस.सी (गणित), एम.कॉम. तथा एम.ए. (समाजशास्त्र) की अस्थाई संबद्धता भी प्राप्त कर ली गई है एवं इन

विषयों की स्थाई संबद्धता हेतु प्रक्रिया जारी है। इस सत्र में शासन से एम.एस.सी रसायन शास्त्र प्रारंभ करने की अनुमति प्राप्त होने के उपरांत विश्वविद्यालय से इस पाठ्यक्रम की सम्बधता की प्रक्रिया जारी है |

**4. महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया**

महाविद्यालय में विद्यार्थियों का प्रवेश शासन के नियमानुसार, आरक्षण नीति का पालन करते हुए मेरिट के आधार पर किया जाता है। वर्तमान सत्र में महाविद्यालय में 720 विद्यार्थियों ने प्रवेश प्राप्त किया। स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तर पर प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन थी | अन्य कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया को ऑफलाइन कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए पूर्ण कराया गया। साथ ही विद्यार्थियों के लिए बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप, हेल्पडेस्क की सहायता से एवं वेबसाइट पर समय-समय प्रवेश से संबंधित निर्देश जारी कर विद्यार्थियों की यथासंभव सहायता की गई।

**5. महाविद्यालय में अध्ययन-अध्यापन व्यवस्था**

शासन द्वारा महाविद्यालय की स्थापना के साथ ही महाविद्यालय के सुचारू संचालन के लिए 25 पदों की संरचना तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं के प्रारंभ होने के पश्चात 03 प्राध्यापक पद स्वीकृत किया गया है| शासन द्वारा स्वीकृत 12 सहायक प्राध्यापक पदों के विरुद्ध 10 सहायक प्राध्यापक महाविद्यालय में कार्यरत हैं| छात्र हित में महाविद्यालय प्रशासन ने राज्य शासन के निर्देशानुसार स्वीकृत रिक्त शैक्षणिक पदों पर पदस्थापना होने तक सुचारू अध्यापन कार्य के लिए अतिथि व्याख्याताओं की नियुक्ति करने की प्रक्रिया पूर्ण कर अध्यापन कार्य संचालित किया गया |

संपूर्ण महाविद्यालय की वार्षिक गतिविधियों का सुचारू रूप से संचालन करने के लिए अकादमिक कैलेंडर का पालन कर उत्कृष्ट श्रेणी के अध्यापन की व्यवस्था की गई | रेगुलर कक्षाओं के साथ ही साथ स्लो लर्नर्स के लिए रेमेडियल कक्षाएं तथा एडवांस लर्नर्स के लिए विशेष कोचिंग क्लासेस की व्यवस्था की गई ।

# <u>महाविद्यालय संचालन के कार्य</u>

1.महाविद्यालय का नाम यूजीसी की धारा 2(F) एवं 12(B) में सम्मिलित कराना

महाविद्यालय प्रस्तुत प्रस्ताव तथा आवश्यक अभिलेखों से संतुष्ट होने के पश्चात यू.जी.सी. द्वारा 2016 से महाविद्यालय को यूजीसी की धारा 2(F) में सम्मिलित कर लिया गया है | महाविद्यालय द्वारा प्रयास जारी है कि अब शीघ्र ही महाविद्यालय का नाम यू.जी.सी. की धारा 12(B) में सम्मिलित कर लिया जावे, ताकि महाविद्यालय यू.जी.सी. के विभिन्न योजनाओं का लाभ अपने स्टाफ तथा विद्यार्थियों तक उपलब्ध करा सकें |

2. जनभागीदारी समिति

महाविद्यालय के विकास तथा सुचारू संचालन के लिए शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति गठित की गई है| समय-समय पर जनभागीदारी समिति के सदस्यों के साथ में विचार-विमर्श कर महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयास किए जाते रहे हैं |

3. राज्य शासन एवं केंद्र शासन के अधिनियम महाविद्यालय में लागू करना

शासन द्वारा जनहित में लागू अधिनियम का संस्था में पालन किया जाना सुनिश्चित किया जा सके, इस हेतु महाविद्यालय में सूचना के अधिकार अधिनियम तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत जन सूचना अधिकारी तथा सहायक जन सूचना अधिकारी तथा सहायक लोक सेवा गारंटी अधिनियम अधिकारी की नियुक्ति की गई है| साथ ही इस अधिनियम से संबंधित समस्त उपयोगी जानकारी संस्था के सूचना पटल पर चस्पा की गई है| शासन के निर्देशानुसार सूचना के अधिकार एवं लोक सेवा अधिनियम का प्रतिवेदन अग्रणी महाविद्यालय में नियत समय पर जमा किया जाने की उचित व्यवस्था की गई है|

4. ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन में जानकारी

मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रति वर्ष की भांति महाविद्यालय से संबंधित इस सत्र की समस्त जानकारी (Data Capture Format तथा Teacher's Information format) निर्धारित समय अवधि में ऑल इंडिया सर्वे इन हायर एजुकेशन के पोर्टल में महाविद्यालय द्वारा नियुक्त नोडल अधिकारी द्वारा ऑनलाइन जमा किया जाता है |

5 राष्ट्रीय प्रत्यायन एवं मूल्यांकन परिषद NAAC द्वारा मूल्यांकन

NAAC मूल्यांकन हेतु जुलाई 2021 में महाविद्यालय द्वारा IIQA सबमिट किया गया | तत्पश्चात निर्धारित समय अवधि में सेल्फ स्टडी रिपोर्ट सबमिट कर डीवीवी क्लेरिफिकेशन क्लियर होने के उपरांत फ्री क्वालीफायर पास करके 10 और 11 मार्च 2022 को NAAC पियर टीम विजिट के उपरांत महाविद्यालय को 2.15 ग्रेड प्वाइंट के साथ बी ग्रेड प्राप्त हुआ | नवीन महाविद्यालय होने के कारण कम समय अवधि में नैक प्रत्यायन एवं मूल्यांकन परिषद द्वारा बी ग्रेड प्राप्त होना महाविद्यालय की तथा इस अंचल की एक बड़ी उपलब्धि है।

## महाविद्यालय की आंतरिक व्यवस्था संचालन

महाविद्यालय के आंतरिक संचालन हेतु विभिन्न समितियां बनाई गई है जिनके प्रकार तथा किए गए कार्य निम्नानुसार है:

1. आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ

महाविद्यालय में आंतरिक गुणवत्ता में वृद्धि करने तथा विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं द्वारा अकादमिक एवं प्रशासनिक कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य शासन के मंशा अनुरूप आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ का गठन किया गया है| महाविद्यालय के समस्त गुणवत्ता युक्त कार्यों का संचालन एवं समन्वय उक्त समिति के द्वारा संपन्न कराया जाता है तथा यह सुनिश्चित

किया जाता है कि महाविद्यालय में कार्यशाला, संगोष्ठी एवं अन्य गतिविधियों के माध्यम से आंतरिक गुणवत्ता में उत्तरोत्तर वृद्धि की जा सके |

2. महाविद्यालय प्रवेश समिति

महाविद्यालय में संचालित विभिन्न संकाय में प्रवेश हेतु ऑनलाइन एवं ऑफलाइन हाइब्रिड मोड में प्रवेश प्रक्रिया को संचालित करने हेतु प्रवेश समिति का गठन किया गया है। समिति ने कोविड-19 प्रोटोकॉल का पूर्ण रुप से पालन करते हुए विद्यार्थियों के महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूर्ण कराया।

3. अनुशासन समिति

महाविद्यालय में उचित शैक्षणिक वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से अनुशासन समिति का गठन किया गया है | हाइब्रिड मोड में कक्षाएं आयोजित करते समय अनुशासन समिति ने इस बात का विशेष ध्यान रखा कि कोविड-19 प्रोटोकॉल का पूर्ण रुप से पालन किया जावे। विद्यार्थियों के सोशल डिस्टेंसिंग, सैनिटाइजेशन एवं मास्क पहनने पर विशेष ध्यान दिया गया ताकि किसी भी प्रकार से संक्रमण के फैलने का खतरा ना रहे।

4. आंतरिक लेखा निरीक्षण एवं जांच समिति

इस समिति का गठन महाविद्यालय के लेखांकन, लेखांकन रजिस्टर, प्रपत्र देयकों तथा फाइलों के रखरखाव की आंतरिक जांच के लिए किया गया है। इसका उद्देश्य लेखा संबंधी कार्यों को त्रुटि रहित तथा उत्कृष्ट बनाए रखना है। इस समिति के द्वारा आवंटित राशि का लेखा, व्यय की गई राशि तथा व्यय देयकों के उचित रखरखाव के लिए पृथक फाइल रखना, आवंटित मदों में व्ययों का पृथक लेखा तथा लेखांकन यथा रोकड़ पुस्तक, वाउचर फाइल आदि की जांच करने संबंधी दायित्व निर्धारित किया जाता है।

5. क्रय समिति

महाविद्यालय में आवंटित राशि से क्रय की जाने वाली वस्तुओं के शासकीय नियमानुसार क्रय को सुनिश्चित करने तथा आवश्यक प्रक्रियाओं के पालन सुनिश्चित करने के लिए प्राध्यापकों तथा कार्यालय कर्मचारियों की समिति गठित की गई। इस समिति के द्वारा क्रय किए जाने से संबंधित समस्त नियमों का पालन करते हुए क्रय आदेश पारित किए तथा आवश्यक प्रपत्रों को संग्रहित किया जाना सुनिश्चित किया जाता है।

6. भौतिक सत्यापन समिति

इस समिति का गठन महाविद्यालय के द्वारा क्रय की गई भौतिक वस्तुओं की संख्या, गुणवत्ता आदि की जांच करने के लिए किया गया है। समिति के द्वारा वर्ष के दौरान क्रय किए गए वस्तुओं की संख्या एवं गुणवत्ता की जांच की गई। सत्र समाप्ति के पश्चात समिति ने प्रयोगशाला, पुस्तकालय एवं भंडार शाखा के भौतिक सत्यापन के कार्य के साथ-साथ अन्य भौतिक वस्तुओं का सत्यापन कार्य पूर्ण किया तथा सत्यापन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

7. आंतरिक शिकायत निवारण प्रकोष्ठ

महाविद्यालय में विद्यार्थियों की समस्याओं का निवारण कर एक सामंजस्य पूर्ण शैक्षिक वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से आंतरिक शिकायत निवारण समिति का गठन किया गया है। इस समिति का उद्देश्य विद्यार्थियों की शिकायतों को प्राप्त करना और उनका नियत समय अवधि के अंदर निवारण करना है, ताकि महाविद्यालय में समस्त गतिविधियों को विद्यार्थियों के संपूर्ण सहयोग के साथ सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। विद्यार्थी निर्भीक होकर महाविद्यालय परिसर से संबंधित अकादमिक एवं प्रशासनिक मुद्दों पर अपनी शिकायत एवं सुझाव महाविद्यालय प्रशासन तक पहुंचा सके, इस हेतु परिसर में शिकायत पेटी भी रखी गई है। विद्यार्थी अपनी शिकायत एवं सुझाव लिखकर इस पेटी में डाल सकते हैं, जिसके माध्यम से शिकायत निवारण समिति इन शिकायतों और सुझावों का समुचित आकलन कर निराकरण करती है।

8. यौन उत्पीड़न समिति

कार्यस्थल में महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार यौन उत्पीरन के किसी शिकायत पर जांच प्राधिकरण के रूप में कार्य करने तथा लैंगिक मुद्दे पर छात्रों, कर्मचारियों और संकाय सदस्यों को संवेदीकरण की दिशा में सकारात्मक उपाय लेने के लिए इस समिति का गठन किया गया है। इस समिति का उद्देश्य महाविद्यालय परिसर में समस्त छात्राओं एवं महिला अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करना है। यह समिति महिलाओं की शिकायतों का निवारण करने के साथ ही साथ विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें उनके अधिकारों के प्रति भी सजग बनाती है।

9. नैक कार्यसमिति

राज्य शासन की मंशा के अनुरूप नैक मूल्यांकन की तैयारी करने एवं कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु उक्त समिति का गठन कर जिम्मेदारी सौंपी गई है। समिति द्वारा नैक मूल्यांकन के पैरामीटर्स के आधार पर सह-समितियों का गठन कर SSR बनाया गया | SSR सबमिशन के उपरांत DVV में आए प्रश्नों के समुचित उत्तर NAAC पोर्टल पर अपलोड किए गए, जिसके परिणाम स्वरूप महाविद्यालय का SSR प्री क्वालीफायर पास कर गया तथा नैक कार्यसमिति द्वारा 10 तथा 11 मार्च 2022 को महाविद्यालय का नैक पियर टीम विजिट करवाया गया एवं महाविद्यालय को बी ग्रेड (ग्रेड पॉइंट 2.15) प्राप्त हुआ |

10. वार्षिक परीक्षा कार्यसमिति

दुर्ग विश्वविद्यालय द्वारा जारी की गई इस समय सारणी के अनुसार महाविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों हेतु परीक्षाएं संपन्न कराई गई| निर्धारित तिथि पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रश्नपत्र पोर्टल में अपलोड करने के उपरांत महाविद्यालय द्वारा प्रश्न पत्र विद्यार्थियों को उनके लिए बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप में प्रतिदिन प्रेषित किया गया तथा प्रतिदिन विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार विद्यार्थियों से उत्तर पुस्तिका जमा करवा कर निर्धारित तिथियों पर उत्तर

पुस्तिकाओं के बंडल का प्रेषण विश्वविद्यालय को किया जा रहा है ताकि विश्वविद्यालय द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्याङ्कन सही समय पर करवायाजा सकें | इसके साथ ही प्रायोगिक परीक्षाएं एवं आंतरिक परीक्षाओं के अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर निर्धारित समय पर ऑनलाइन दर्ज कर दिए गए हैं जिससे कि विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम सही समय पर जारी किया जा सके|

11 क्रीडा समिति

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु खेलकूद अत्यंत आवश्यक है। विद्यार्थियों की इस आवश्यकता को पूरा करने के लिए महाविद्यालय क्रीड़ा समिति का गठन किया गया है, जो कि समय समय पर न केवल महाविद्यालय स्तर पर विभिन्न खेल विधाओं का आयोजन करती है बल्कि खेल कैलेंडर के अनुसार योग्य विद्यार्थियों को अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता में भी भाग लेने का अवसर प्रदान करती है। इसी क्रम में इस सत्र में महाविद्यालय के एक विद्यार्थी उमाशंकर को अंतर महाविद्यालय तेज चाल प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है।

## महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं

1. महाविद्यालय विवरणिका एवं प्रवेश फॉर्म

महाविद्यालय में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के सुविधा के लिए प्रवेश फॉर्म में आवश्यक जानकारियों को शामिल किया गया है। साथ ही महाविद्यालय से संबंधित आवश्यक जानकारी विवरणिका में दी गई है, जिसमें प्रवेश आवेदन फॉर्म, एंटी रैगिंग शपथ पत्र, घोषणा पत्र एवं अनुशासनात्मक नियम तथा शुल्क विवरण को समाहित किया गया है।

2.विद्यार्थियों के लिए हेल्प डेस्क

महाविद्यालय के विद्यार्थियों के प्रवेश प्रक्रिया, परीक्षा आवेदन, छात्रवृत्ति आवेदन एवं अन्य ऑनलाइन तथा ऑफलाइन कार्यों के लिए हेल्प डेस्क का गठन किया गया है, जो विद्यार्थियों को यथासंभव सहायता उपलब्ध कराती है।

3. प्रयोगशाला की सुविधा

महाविद्यालय में विज्ञान समूह में वनस्पति शास्त्र, प्राणीशास्त्र, भौतिक शास्त्र तथा रसायन शास्त्र विषय एवं कला समूह में भूगोल विषय में प्रयोगशाला की आवश्यकता होती है। छात्र हित को ध्यान में रखते हुए सीमित संसाधनों तथा आवंटित बजट राशि में पाठ्यक्रम पर आधारित सर्वसुविधा युक्त प्रयोगशाला में विद्यार्थियों को प्रायोगिक कार्य हेतु सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

4. पुस्तकालय की सुविधा

महाविद्यालय में शासन के नियमानुसार आवंटित राशि का पूर्ण उपयोग करते हुए विद्यार्थियों के लिए सर्व सुविधा युक्त पुस्तकालय की व्यवस्था की गई है। वर्तमान में पुस्तकालय में पुस्तकें, रोजगार समाचार पत्र एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उपयोगी पुस्तकें उपलब्ध है। महाविद्यालय में लाइब्रेरियन का पद स्वीकृत नहीं होने की स्थिति में सहायक प्राध्यापक को प्रभारी पुस्तकालय की जिम्मेदारी दी गई है।

5. संचार कौशल विकास कार्यक्रम

महाविद्यालय प्रशासन ने आधुनिक शैक्षणिक वातावरण को देखते हुए उच्च स्तर की शिक्षा की प्राप्ति तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अंग्रेजी भाषा की जानकारी उपलब्ध कराने और अंग्रेजी भाषा में कुशल संचार करने के कौशल का विकास करने के लिए महाविद्यालय में सामान्य कक्षाओं के पश्चात अतिरिक्त कक्षाओं के माध्यम से निशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई है। महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा कुछ चुने हुए विद्यार्थियों को ट्रेनिंग प्रदान कर मास्टर ट्रेनर बनाया गया है, जो कि न केवल महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी अंग्रेजी भाषा में कुशल संचार हेतु निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण परिवेश के विद्यार्थियों को आज के युग की आवश्यकता के अनुरूप तैयार करना है ताकि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के बीच की खाई को सुगमता पूर्वक पाटा जा सके।

6. एंटी रैगिंग समिति का गठन

राज्य शासन तथा माननीय न्यायालय के निर्देशानुसार महाविद्यालय में एंटी रैगिंग समिति का गठन किया गया है तथा लगातार यह प्रयास किया जाता है कि महाविद्यालय में ऐसी किसी भी घटना के होने की संभावना ना हो। उल्लेखनीय है कि महाविद्यालय की स्थापना से अभी तक इस महाविद्यालय में रैगिंग संबंधी कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

7. विद्यार्थियों हेतु ऑनलाइन गतिविधियों का आयोजन

महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि कक्षा शिक्षण के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों के द्वारा उनका सभी क्षेत्रों में विकास किया जाए। इस सत्र में शासन के निर्देशानुसार विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन कक्षाएं आयोजित की गई। निर्धारित पाठ्यक्रम शिक्षण के साथ-साथ विभिन्न विभागों के द्वारा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन पाठ्येत्तर कार्यक्रम जैसे क्विज ,निबंध, परिचर्चा, वेबीनार, कार्यशाला, स्लोगन, पोस्टर, पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन आदि आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ अधिक से अधिक संख्या में भाग लिया | सभी प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट देने की भी व्यवस्था की गई।

8. व्यक्तित्व विकास पर कक्षाएं

सामान्यतः देखा गया है कि गांव में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों में आत्मविश्वास की कमी होती है, जबकि वे बहुत होनहार तथा मेहनती होते हैं। उनकी इस कमी को दूर करने के लिए महाविद्यालय प्रशासन द्वारा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्लेटफॉर्म पर व्यक्तित्व विकास की कक्षाओं का आयोजन किया। इन कक्षाओं में न केवल उनकी भाषा शैली में सुधार करने पर कार्य किया गया बल्कि उन्हें परीक्षा की तैयारी तथा कैरियर संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी लगातार उपलब्ध कराई गई।

9. योगा एवं शारीरिक शिक्षण व्यवस्था

स्वस्थ मस्तिष्क का विकास स्वस्थ शरीर में ही संभव है, इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य हेतु योगा प्रशिक्षण की व्यवस्था की जिसमें अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लेकर योग प्रशिक्षण प्राप्त किया।

10. सुधारात्मक कक्षाएं

सभी विद्यार्थियों के ज्ञान अर्जन की क्षमता समान प्रकार की नहीं होती अतः विद्यार्थी जिन्हें विषय वस्तु से संबंधित तथ्य समझने में समय लगता है उन्हें स्लो लर्नर की श्रेणी में रखा गया तथा सभी विभागों के द्वारा समय-समय पर स्लो लर्नर्स के लिए विशेष रेमेडियल (सुधारात्मक) कक्षाओं की व्यवस्था की गई ताकि उन्हें भी अपने साथ अध्यनरत अन्य विद्यार्थियों के समकक्ष लाया जा सके। साथ ही ऐसे विद्यार्थियों के लिए विषयवार पाठ्य सामग्री भी पीडीएफ के रूप में उपलब्ध कराई गई है।

11. अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण प्रकोष्ठ

इस समिति का गठन शासन के द्वारा समय-समय पर लागू की जाने वाली योजनाओं का क्रियान्वयन करने के लिए किया गया है, जिससे यह निश्चित किया जा सके कि प्रत्येक लाभार्थी तक शासन की योजना का लाभ पहुंचाया जा सके। राज्य शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए एवं अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजना लागू है। शासन के निर्देशानुसार पोस्ट मैट्रिक ऑनलाइन छात्रवृत्ति प्रदान करने संबंधी प्रक्रिया का क्रियान्वयन कराया गया है तथा यह भी सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी विद्यार्थी इस योजना के लाभ से वंचित ना रहे। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से मेधावी छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना का लाभ भी प्रदान कराया जा रहा है।

12. प्रायोगिक परीक्षा केंद्र तथा वार्षिक परीक्षा केंद्र

महाविद्यालय हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा आयोजित किए जाने वाले प्रायोगिक परीक्षा तथा वार्षिक परीक्षा का केंद्र है, जिससे महाविद्यालय में परीक्षा दे रहे ग्रामीण विद्यार्थियों को अन्य किसी परीक्षा केंद्र में जाने से होने वाली असुविधा से बचाया जा सका है।

13. एनएसएस तथा रेड क्रॉस सोसाइटी

उच्च शिक्षा का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों का शैक्षणिक विकास करना ही नहीं बल्कि उनमें समाज सेवा के प्रति जागरूकता लाना भी है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए प्राचार्य महोदय द्वारा विद्यार्थियों में समाजसेवा की भावना विकसित करने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई (एन.एस.एस.), यूथ रेड रिबन तथा रेड क्रॉस सोसाइटी का गठन किया गया है। महाविद्यालय की एनएसएस इकाई की क्षमता 100 यूनिट की है। इस सत्र में राष्ट्रीय स्वयं सेवकों के द्वारा घर घर पहुंच दस्तक कोविड-19 जागरूकता अभियान कार्यक्रम चलाया गया। साथ ही सात दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। यूथ रेड रिबन इकाई द्वारा एड्स के विषय में जागरूकता लेन हेतु विद्यार्थियों के लिए निबंध, पोस्टर, भाषण, रंगोली एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | इसी प्रकार रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा Physical and Mental Welness विषय पर वेबिनार आयोजित कराया गया।

14. महाविद्यालय में विविध कार्यक्रमों का आयोजन

महाविद्यालय के छात्रों के सर्वांगीण विकास तथा उनके कौशल में वृद्धि के लिए विभिन्न कार्यक्रमों, कार्यशाला तथा परिचर्चा का आयोजन किया गया जिनमें से उल्लेखनीय कार्यक्रम इस प्रकार है:

| Department | Name of Activity | Date | No. of Participants |
|---|---|---|---|
| **Hindi** | काव्य पाठ | 22-10-2021 | 14 |
| | ऑनलाइन शिक्षा विषय पर परिचर्चा | 08-11-2021 | 10 |
| | युवा महोत्सव | 30&31-12-2021 | 38 |
| **English** | Value Added Course | 11.12.2021- | 31 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | 22.12.2021 | |
| | Workshop on Communication skill in English | 06 to 10-12-2021 | 11 |
| **Chemistry** | Earth Day Celebration 2021 - Slogan competition (Inter Departmental) https://forms gle/HMt3uX1GrucTbPbj6 | 22-04-2021 | 41 |
| | Earth Day Celebration 2021 - Plantation Drive https://forms gle/JgTxwDAUTPa7xgBu9 | 22-04-2021 | 14 |
| | Best out of waste प्रतियोगिता | 27-12-2021 | 17 |
| | पोस्टर प्रतियोगिता | 29-12-2021 | 10 |
| | Static and working model प्रतियोगिता | 30-12-2021 | 08 |
| | Guest lecture अतिथि व्याख्यान on Career opportunities after science graduation by Dr. Alpa Shrivastava, I.G. Govt. Arts & Commerce College Vaishali Nagar | 25-03-2021 | 39 |
| | Science Day Celebration – Inter college competition on Quotes of scientists on Chemistry https://forms gle/ uv2cWEtQvsqsRwMr7 | 28-02-2022 | 38 |
| | Science Day Celebration – Inter college competition on Essay writing on the topic Periodic Table https://forms gle/4yPQ1CzQDVU6ifyR6 | 28-02-2022 | 27 |
| | Guest lecture अतिथि व्याख्यान on Coordination Chemistry by Dr. Madhulika Shrivastava, Bhilai Mahila Mahavidyalaya, Sector-9, Bhilai | 02-03-2021 | 44 |
| | Guest lecture अतिथि व्याख्यान on Inorganic Mixture Analysis by Dr. Prerna Kathane, Govt. V.Y.T. PG College Durg | 04-03-2021 | 69 |
| **Botany** | वि व मृदा दिवस के उपलक्ष्य में "मृदा की बढ़ती लवणता के कारण तथा उसके संरक्षण" विशय पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता | 5 दिसंबर 2021 | 10 |
| | B.sc.II के पाठ्यक्रम में सम्मिलित विभिन्न चक्रो के अध्ययन को समझाने के द्वश्टिकोण से ग्लाइकोलिसिस चक्र का अध्ययन। | 09/12/2021 | 14 |
| | B.sc.III मे माइकोकॉन्ड्रिया की संरचना एवं कार्य विशय में भुने वरी वर्मा द्वारा सेमीनार को आयोजन । | 11/12/2021 | 12 |
| | में ब्रेसीकेसी कुल में अध्ययन करना बताया गया । | 11/12/2021 | 15 |
| | B.sc.I में Doc Scanner की सहायता से तैयार | 13/12/2021 | 32 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | PDF करना बताया गया। | | |
| | B.sc.III के विद्यार्थियों को लिए कैरियर गाइडलाइन को आयोजन । | 05/01/2021 | 15 |
| | B.sc.III के विद्यार्थियों को पादप रोग एवं उनके लक्षण तथा उनके रोकथाम के उपाय विशय में प्रोजेक्ट दिया गया। | 29.11.2022 | 21 |
| | B.sc.II के विद्यार्थियों को मालवेसी ,सोलेनेसी,लेमिएसी,कान्वोल्कुलेसी ,एपोसाइनेसी, एकेन्थेसी,ब्रेसीकेसी,एस्टेरेसी,यूफोरबिएसी एवं कुकुरविटेसी कुल के विभिन्न पौधों का हरबेरियम तैयार करवाया गया। | 29.11.2022 | 37 |
| **Zoology** | Honey Comb Obsevation | 20.22.2021 | 13 |
| | Seminar presentation (Snake Poison) | 08.12.2021 | 08 |
| | Seminar presentation ( Poison of Scorpion) | 10.12.2021. | 07 |
| | Seminar on “ Toxicity of Honey bee” | 13.12.2021 | 08 |
| | Seminor on Bacterial Food Poisoning | 16.12.2021 | 09 |
| | Poster Competition | 28.02.2022 | 08 |
| | Guest Lecture | 05.03.2022 | 113 |
| | “ To make Healthy Food Competition” | 07.04.2022 | 08 |
| **Physics** | Poster Competition | 27/12/2021 | 15 |
| | Rangoli Competition | 28/12/2021 | 4 |
| | Essay Competition | 29/12/2021 | 12 |
| | Guest Lecture | 03/03/2022 | 37 |
| **Mathematics** | Essay Competition | 27/12/2021 | 10 |
| | Poster Competition | 28/12/2021 | |
| | Powerpoint Presentation | 29/12/2021 | 8 |
| **Sociology** | 7 Day Workshop on ‘ FH’ Jointly Organism | 21/06/21 To 27/06/2021 | 170 |
| | With dev Sanskriti College of Ed & tech | | |
| | Physical a mental wellness series | 28/02/2022 | 85 |
| | Webinar बदलते परिवेश में लैगिक जागरूकता के आभाव | 08/03/2022 | 78 |
| | Webinar – कैसर रोकथाम में विद्यार्थियों की भूमिका | 04/03/2022 | 87 |
| | Workshop – Employbility Skill | 07/02/2022 to 09/02/2022 | 107 |
| | NET /YOGA/PSC Classes | From Jan 2022 | 5 to 20 |
| | Placement /International Drive Encclosure – Photo and Whats app | From Jan 2022 | 35 |
| **Economics** | Peer Learning B.A.I | 29-12-2021 | 35 |
| | Seminor (Online) B.A.I,II,III | 19-01-2022 | 45 |
| **Geography** | मानचित्र अध्ययन ( B.A.I ) | 08/11/21 | 20 |
| | अक्षांश देशांतर अध्ययन | 16/11/2021 | 15 |
| | मानचित्र अंकन (भारत) | 25/11/2021 | 30 |
| | मानचित्र अंकन (छ.ग.) | 07/11/2021 | 30 |
| **Commerce** | Poster Competition | 06.01.2022 | 15 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | Departmental Level Speech Competition On Effect of Covid 19 On Studies | 06.01.2022 | 10 |
| | Departmental Level Rangoli Competition on Awareness Of Voting, Covid 19, Cleanliness And Environment | 07.01.2022 | 12 |
| | Collegiate Level Essay Competition On Impact of Covid 19 On Social Life | 07.01.2022 | 15 |

## Activities of NSS in Session 2021-22

| S.No. | Name of Activity | Date | No. of Participants |
|---|---|---|---|
| 1. | योगाशिविर | 21 जून | 30 |
| 2. | स्वच्छता पखवाडा के तहत स्वच्छता शपथ एवं विविध प्रतियोगिता | 1 अगस्त से 16 अगस्त | 25 |
| 3. | सदभावना गीत , भाषण रैली | 15 अगस्त | 30 |
| 4. | महात्मा गांधी की जयंती | 2 अक्टूबर | 50 |
| 5. | एक दिवसीय विशेष शिविर ग्राम जागरूकता अभियान के तहत | 18 दिसम्बर | 30 |
| 6. | एक दिवसीय विशेष शिविर – कोविड वैक्सीन हेतु जागरूकता अभियान के तहत | 26 दिसम्बर | 30 |
| 7. | स्वामी विवेकानंद जयंती (युवा दिवस ) भाषण, निबंध , स्लोगन प्रतियोगिता | 12 जनवरी | 25 |
| 8. | वृहत वृक्षारोपण कार्यक्रम | 12 जनवरी | 20 |
| 9. | सात दिवसीय विशेष शिविर – विधिक साक्षरता , पर्यावरण संरक्षण | 14 फरवरी से 20 फरवरी 2022 | 40 |
| 10. | तंबाकू नियंत्रण पर कार्यशाला विषय विशेषज्ञ द्वारा | 7 मार्च 2022 | 30 |
| 11. | 'B' प्रमाण पत्र हेतु स्वयं सेवको की साक्षात्कार परीक्षा | 5 मार्च 2022 | 17 |
| 12. | 'C' प्रमाण पत्र परीक्षा हेतु परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने हेतु छात्र - छात्राओं का मार्गदर्शन | जनवरी से मार्च 2022 | 8 |

## Activities of Youth Red Ribbon in Session 2021-22

| S.No. | Name of Activity | Date | No. of Participants |
|---|---|---|---|
| 1 | Poster Meking Competition | 14/08/2021 To 15/08/2021 | 22 |
| 2 | Quiz Competition (State Level) | 28/09/2021 | 02 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | Rangoli, Essay Competition Poster | 01/12/2021 to 02/12/21 | 99 |
| 4 | Rangoli Speech Competition | 12/01/2022 | 22 |

15. वीडियो लेक्चर तथा ऑनलाइन पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराना

महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा ऑनलाइन तथा ऑफलाइन कक्षाओं के साथ ही साथ विषयवार पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन तथा पीडीएफ पाठ्य सामग्री तैयार की गई, जिन्हें विद्यार्थियों को उनके कक्षावार व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से पहुंचाया गया ताकि विद्यार्थियों का शिक्षण निर्बाध रूप से जारी रहे। साथ ही विद्यार्थियों को व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम उनकी विषय संबंधी शंकाओं का निराकरण किया गया।

16 वैल्यू ऐडेड कोर्स

